प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 03.09.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहरी स्थानीय निकायों को जनसंख्या वृद्धि और पानी की ज़रूरतों के बारे में जागरूक करने का किया आह्वान, झारखंड ने सिंचाई योजनाओं के लिए केंद्र से 3 हजार करोड़ रुपये का सहयोग मांगा।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–रांची सहित राज्य के अन्य शहरों का होगा सुनियोजित विकास, बंद होंगे अनावश्यक रोड कट, हर वार्ड में बनेगा वेंडर मार्केट।
- स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने की समीक्षा बैठक, सभी जिलों में जांच व्यवस्था के निर्देश।
- रांची नगर निगम ने बिना ट्रेड लाइसेंस चल रहे कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई तेज की, लालपुर में पाँच संस्थानों को किया सील।
- और राज्य में निम्न दबाव का क्षेत्र हुआ कमजोर, आज कई जिलों में बारिश का पूर्वानुमान , कल से छंटेगे बादल।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों, बढ़ती आबादी और भविष्य में पानी की जरूरतों के प्रति शहरी स्थानीय निकायों को संवेदनशील बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों के लिए भी इसी तरह के चिंतन शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया।

*********************

नई दिल्ली में जल जीवन मिशन समिट 2026 के समापन सत्र में झारखंड के मंत्री हफीजुल हसन और योगेंद्र प्रसाद ने जल संरक्षण, सिंचाई क्षमता बढ़ाने और परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन का राज्य का रोडमैप प्रस्तुत किया। इस मौके पर हफीजुल हसन ने बताया कि राज्य में 80 प्रतिशत वर्षा जल बह जाता है और 24. 25 लाख हेक्टेयर में से अब तक केवल 10 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता ही विकसित हुई है, इसलिए अब मौजूदा संरचनाओं के उपयोग और रिसाव रोकने पर जोर है। राज्य सरकार ने पटमदा–बोड़ाम और नीमडीह–कुकडू मेगा लिफ्ट परियोजनाओं और पलामू के अमानत बराज के लिए केंद्र से करीब 3,000 करोड़ रुपये का सहयोग मांगा है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में नगर विकास और पथ निर्माण विभाग की ओर से संचालित कार्यों, योजनाओं एवं परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शहर की सड़कों के बीच बने अनावश्यक कटों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने और वाहनों के लिए निर्धारित चौक–चौराहों से ही सुरक्षित टर्निंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी वेंडर्स को चिन्हित करते हुए उनके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

*********************

राज्य में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं एनएचएम की समीक्षा बैठक हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में स्वाइन फ्लू की स्थिति, जांच व्यवस्था पर चर्चा हुई। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड के सभी जिलों में जल्द से जल्द स्वाइन फ्लू की जांच शुरू किया जाए। इधर अब रांची सदर अस्पताल में भी स्वाइन फ्ले की जांच की सुविधा शुरू की जाएगी। रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ बिमलेश कुमार ने इसकी जानकारी दी

*********************

झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने सरकार से 108 एंबुलेंस सेवा की मौजूदा टेंडर प्रक्रिया रद्द कर इसे जिला स्तर पर सिविल सर्जन की निगरानी में संचालित करने और निजी एजेंसी द्वारा हटाए गए कर्मचारियों की बहाली की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि 8 सितंबर तक कार्रवाई नहीं होने पर राज्यभर में लोकतांत्रिक आंदोलन की चेतावनी दी है।

*********************

रांची के खेलगांव स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, होटवार में आज से 15 सितंबर तक सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में बड़ी संख्या में झारखंड के विभिन्न जिलों से अभ्यर्थियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन और रांची पुलिस ने सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारी की है। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से मूल दस्तावेज सुरक्षित रखने, किसी को पैसे नहीं देने और ठगी से बचने की अपील की है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

रांची नगर निगम ने बिना ट्रेड लाइसेंस चल रहे कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए लालपुर में पाँच संस्थानों को सील कर दिया। निगम के अनुसार पहले नोटिस दिए जाने के बावजूद नियमों का पालन न करने पर इंफोर्समेंट टीम ने दस्तावेजों की जांच के बाद सीलिंग की कार्रवाई की।

*********************

पूर्वी सिंहभूम जिले में चांडिल थाना क्षेत्र में 24 अगस्त को हुई कारोबारी निखार सबलोक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एसएसपी एहतेशाम वकारिब और सरायकेला–खरसावां के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियरी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में जानकारी दी। मामले में मास्टरमाइंड सहित छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

*********************

हजारीबाग पुलिस ने जिले में लगातार छिनतई की घटनाओं को अंजाम देने वाले कुख्यात कोढ़ा गिरोह के आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से चोरी की चार बाइक और सोने के आभूषण बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरोह कई जिलों में सक्रिय था।

*********************

जमशेदपुर में लगातार मूसलाधार बारिश के कारण स्वर्णरेखा और खरकई नदियां उफान पर हैं, जिसमें खरकई खतरे के निशान से 4.50 मीटर और स्वर्णरेखा 1.24 मीटर ऊपर बह रही है।नदियों के बढ़ते जलस्तर के चलते चांडिल डैम, गालूडीह बैराज और ओडिशा के डैम–बैराज के 45 से अधिक फाटक खोले गए हैं, बावजूद इसके बागबेड़ा, मानगो, जुगसलाई समेत 6 इलाकों के एक हजार से अधिक घरों में पानी घुस गया है। प्रशासन ने तटीय और निचले इलाकों में अलर्ट जारी कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है, जबकि एनडीआरएफ और आपदा प्रबंधन टीमें अलर्ट पर हैं।

*********************

मौसम विभाग के अनुसार आज से झारखंड को बारिश से राहत मिल सकती है बंगाल की खाड़ी में सक्रिय निम्न दबाव का क्षेत्र अब मध्य प्रदेश की ओर बढ़ गया है, लेकिन नमी का प्रभाव जारी है जिस कारण झारखंड में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश अभी भी संभव है,

*********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सीएम की समीक्षा बैठक को अपनी सुर्खी बनाई है ।
प्रभात खबर की सुर्खी है– हटेगा अतिक्रमण, हर वार्ड में होगा वेंडर मार्केट,शहरों का बनेगा मास्टर प्लान।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– ख्यांगते की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला पांच सितंबर को
दैनिक जागरण लिखता है – पूर्व एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्र बने राम मंदिर ट्रस्ट के पहले सीईओ
हिन्दुस्तान के शब्द हैं –डीजीपी नियुक्ति मामले की सुनवाई अब सात को होगी।

********************